हादसा

एनएच 30 पर बिछिया के पास दर्दनाक हादसा, घर लौट रहे युवक को बोलेरो ने मारी टक्कर, खेत में जा घुसा वाहन

# बोलेरो और बाइक भिड़ंत में युवक की मौत





मोटर साइकिल पूरी तरह चकनाचूर हो गई है।


**भुआबिछिया, नवभारत.** नेशनल हाईवे 30 पर बीते बुधवार देर रात एक हृदय विदारक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। घटना बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेश पेट्रोल पंप के पास रात करीब 3 बजे की है, जहाँ एक तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक के बीच आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। भिड़ंत के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खेत में जा उतरी। हादसे में

मृतक की पहचान सिझोरा निवासी अभय जोगी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अभय बिछिया स्थित एक दुकान में काम करता था और रात के समय अपना काम खत्म कर घर लौट रहा था, तभी वह इस हादसे का शिकार हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही बिछिया पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने आधिकारिक तौर पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## अनियंत्रित डम्पर खाई में गिरा, चालक ने कूदकर बचाई जान



**बीजाडांडी।** बीजाडांडी थाना क्षेत्र में एक डंपर अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक सुरक्षित है। हादसे की जांच बीजाडांडी पुलिस कर रही है। बताया गया कि टिकरिया थाना क्षेत्र में एक डम्पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना के वक्त डम्पर खाली था और वाहन में केवल चालक ही सवार था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डम्पर की गति और सड़क की स्थिति के कारण वाहन संतुलन खो बैठा और सीधे खाई में उतर गया। स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान उसे मामूली चोटें आई थीं। बताया गया कि पुलिस की जांच में सामने आया कि दुर्घटना चालक के वाहन से नियंत्रण खोने के कारण हुई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। खाई में गिरे हाईवे को बाहर निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बताया गया कि मंडला-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 इन दिनों ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायल को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया है।

# धमकी देने वाले पर लगाया 1100 का अर्थदंड

▸ देवरी कला में शांति समिति की पहल



**नारायणगंज।** विकासखंड नारायणगंज के ग्राम पंचायत देवरी कला में सामाजिक सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शांति समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गांव के एक आपसी विवाद के मामले पर सुनवाई करते हुए समिति द्वारा त्वरित निर्णय लिया गया।

जानकारी अनुसार आवेदक राजू मरावी पिता स्वर्गीय धर्म सिंह मरावी ने समिति के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम के बंसी कुलस्ते द्वारा उनके साथ बेवजह गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए शांति समिति के सदस्यों ने दोनों पक्षों को सुना और विवेचना की। शांति समिति की बैठक में पूछताछ के दौरान बंसी कुलस्ते ने अपना दोष स्वीकार कर लिया। इस पर समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से आरोपी पर 1100 रुपये का अर्थदंड लगाया। इसके साथ ही उसे सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की गलती दोबारा न दोहराई जाए। बैठक में अध्यक्ष रामेश वरकड़े, सरपंच संजय सोनी, उपसरपंच संजय सोनी, नंदू राम बरकड़े, कर्म सिंह वरकड़े, कलय बरकड़े, लालाराम कुलस्ते और भुरसा कुलस्ते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने ग्राम में शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।

## 26 भैंसें सहित तस्कर गिरफ्तार

**नारायणगंज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अवैध मवेशी परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी प्रदीप पांडे की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक 16 चक्का ट्रक को पकड़ा है, जिसमें मवेशियों को भरकर जबलपुर की ओर ले जाया जा रहा था। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिलते ही थाना पांडे ने वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस के होश उड़ गए। ट्रक के भीतर ठूस-ठूस कर 26 नग भैंसें भरी हुई थीं।

# बिछिया में नशा मुक्त समाज का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

▸ राता में नशा मुक्ति अभियान पर दिया जोर



**भुआबिछिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार बिछिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत राता सेक्टर क्रमांक 3, आमाडोंगरी में सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नवंकुर संस्था जन सेवा समिति लफरा और क्षेत्र की चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने नशा मुक्ति अभियान की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने समितियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि समाज को इस कुरीति से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। इसके लिए उन्होंने कुछ रणनीतियों पर जोर दिया। जिसमें जागरूकता रैलियों का आयोजन, सार्वजनिक स्थानों पर दीवार लेखन, ग्रामीणों के बीच चौपालों का आयोजन, जन-जन को जागरूक करने के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों और ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही समितियों को आगामी कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**नर्सरी निर्माण का किया अवलोकन**-बैठक के बाद अतिथियों और अधिकारियों ने प्रस्फुटन समिति राता के अध्यक्ष कुंजबिहारी धुर्वे द्वारा तैयार की जा रही नर्सरी का अवलोकन किया। समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे इस प्रयास की अधिकारियों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**- इस कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक सूरज बर्मन निवास, शशिभूषण मंडला, अशोक साहू मवई, संतोष मवई, सरपंच श्रीमती निशा उइके, संजू मर्सकोले, सीएमसीएलडीपी छात्र मुकेश पटेल, सतीश शिसोदिया, राजकुमार वारीवा, मेंटर रश्मि पटेल, अनिल हरदहा और संतोष उइके सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## 170 कारतूसों-पिस्टल के साथ दरोगा समेत दो गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच और गोसलपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहतरा टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर एक सफेद रंग की हुंडई कार से दो युवकों को दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल और 170 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कटनी की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 6302 में अवैध हथियारों की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। इस पर संयुक्त टीम ने टोल प्लाजा पर संदिग्ध वाहन को रुकवाया। कार में सवार दो युवकों की पहचान दरोगा उर्फ विशाल पाण्डे 25 वर्ष, निवासी महाराजपुर और आदर्श बेन 22 वर्ष, निवासी सुहागी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान एक देशी पिस्टल और कारतूस मिले। आदर्श बेन के पास से 10 (315 बोर) के कारतूस बरामद हुए। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ये कारतूस उत्तर प्रदेश के अतर्रा (बांदा) से भोला मामा नामक व्यक्ति से 80,000 रुपये में खरीदकर लाए थे।

# विद्यार्थियों ने सीखे कैरियर के नए गुर




▸ ज्ञानगंगा इंस्टीट्यूट का बिछिया के 200 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**भुआ बिछिया।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जिला प्रशासन के निर्देशन में एक दिवसीय राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के दौरान विकासखंड बिछिया के विभिन्न विद्यालयों के 200 छात्र-छात्राओं को संस्कारधानी जबलपुर स्थित प्रमुख शैक्षणिक और दार्शनिक स्थलों का अवलोकन कराया गया।

भ्रमण का मुख्य केंद्र ज्ञानगंगा टेक्निकल इंस्टीट्यूट, जबलपुर रहा। यहाँ संस्थान के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, विशेषकर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। मेंटर्स ने छात्रों को आधुनिक करियर विकल्पों को चुनने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए।

**इनके मार्गदर्शन में संपन्न हुआ आयोजन**-कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, सहायक संचालक एलएस मसराम और जिला नोडल अधिकारी मुकेश पाण्डे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीईओ आत्मजीत सिंह अहलुवालिया, प्राचार्य अरुणा दीक्षित, कल्पना पाण्डेय, सुनीता मरावी, मंजुलता शिवात्री, शब्बो सोनवानी, अशोक राजपूत, अरुण परते, स्वेता बरकड़े, विनीत झरिया, राजीव मिश्रा व मंशाराम झारिया का योगदान रहा।